





### एक नजर में

**महिला से मोबाइन छीनकर भागने वाले बदमाशों का नहीं लगा सुराग**

**श्योपुर, 6 जुलाई।** शहर की पुरानी सब्जी मंडी में शनिवार दोपहर महिला के हाथ से मोबाइल छीनकर भागने वाले बाइक सवार बदमाश 24 घंटे बितने के बाद भी पुलिस की गिरफ्त में नहीं आ सके हैं। इस घटना के बाद बाजार में आने वाले लोग भी बुरी तरह दहशत में हैं। जानकारी के अनुसार, विकासनगर निवासी सरोज शिवहरे शनिवार दोपहर करीब 3 बजे सब्जी मंडी में खरीदारी करने पहुंची थीं। तभी पीछे से तेज रफ्तार बाइक पर सवार दो युवक उनके नजदीक आए और हाथ में रखा मोबाइल झपटकर फरार हो गए। अचानक हुई इस घटना से महिला घबरा गई, लेकिन उसने शोर मचाते हुए कुछ दूरी तक बदमाशों का पीछा भी किया। बताया जा रहा है कि छीना गया मोबाइल करीब दस हजार रुपए मूल्य का था। पीडित महिला की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है, लेकिन अभी तक पकड में नहीं आ सके हैं।




**डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित**

**श्योपुर।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की जयंती पर 6 जुलाई रविवार को भाजपा के जिला अध्यक्ष शशांक भूषण वह पूर्व विधायक दुर्गालाल विजय, पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह जाट,वरिष्ठ नेता कैलाश नारायण गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका ओम राठौर, महामंत्री गिरधारी लाल बेरवा,नगर अध्यक्ष संजय मंगल, शहीद भगत सिंह क्लब सोनू चौधरी, जिला मीडिया प्रभारी नरेश धाकड़ आदि ने पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा जिला कार्यालय शिवपुरी रोड श्योपुर में डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सहित जिला पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**भगवान बिरसा मुण्डा स्वरोजगार योजना में करें आवेदन**

**श्योपुर।** मध्यप्रदेश आदिवासी वित्त विकास निगम भोपाल द्वारा भगवान बिरसा मुण्डा स्वरोजगार योजना अंतर्गत अनुसूचित जनजाति वर्ग के युवा हितग्राहियों से स्वरोजगार स्थापित करने हेतु आवेदन आमंत्रित किये गये है। योजना में आदिवासी वर्ग के युवाओं को 1 से 50 लाख रूपये तक का ऋण उपलब्ध होगा। इस संबंध में आवेदन समस्त पोर्टल पर ऑनलाइन किये जा सकते है तथा अधिक जानकारी के लिए कलेक्टर कार्यालय स्थित आदिवासी वित्त विकास निगम के कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है। आदिवासी वित्त विकास निगम के शाखा प्रबंधक एवं सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण राकेश गुप्ता ने बताया कि उक्त योजना के तहत वर्ष 2025-26 के लिए जिले को 11 प्रकरणों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। योजना के तहत लाभ लेने के लिए मप्र के मूल निवासी अनुसूचित जनजाति वर्ग के युवा जिनकी आयु 18 से 45 वर्ष है तथा कक्षा 8वी परीक्षा उर्त्तीण हो, पात्र होगें। परिवार की वार्षिक आय सीमा 12 लाख रूपये से अधिक नही होना चाहिए। इस योजना के तहत उद्योग स्थापित करने के लिए 50 लाख रूपये तक तथा सेवा क्षेत्र में स्वरोजगार के लिए 25 लाख रूपये तक का ऋण मिलेगा।

**पशुपालन और जूनोटिक रोग : सीएमएचओ**

**श्योपुर।** जूनोटिक बीमारियाँ वे बीमारियाँ होती हैं जो पशुओं और इंसानों के बीच फैल सकती हैं। ये बीमारियाँ पशुओं और इंसानों दोनों को प्रभावित कर सकती हैं एवं कभी-कभी गंभीर रूप से या जानलेवा भी हो सकती हैं। यह बात सीएमएचओ ने कही। उन्होंने कहा कि इनसे पशुपालकों को अधिक खतरा होता है। पशुओं के साथ ज्यादा समय बिताने से संपर्क बढ़ता है, जिससे जोखिम भी बढ़ता है। जूनोटिक बीमारियाँ तब फैलती हैं जब इंसान किसी संक्रमित पशु या उससे जुड़ी वस्तुओं के संपर्क में आता है। कुछ आम जूनोटिक बीमारियों में रेबीज शामिल है, जो पशु के काटने से फैलती है और समय पर टीका न लगवाने पर जानलेवा हो सकती है। ब्रूसेलोसिस संक्रमित पशुओं के दूध या सीधे संपर्क से फैलती है, जिससे बुखार, जोड़ों में दर्द और गर्भपात हो सकता है।

# भाजपा नेता के घर पर पथराव

## पुलिस बल तैनात, आदिवासी महिला से छेड़छाड़ की शिकायत के बाद हुआ हमला



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 6 जुलाई।** श्योपुर में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष पूरन आर्य के घर कुछ लोगों ने पथराव कर दिया। हमलावरों ने खिड़कियों के शीशे तोड़ दिए। घर के बाहर खड़ी स्कूटी और बोलेरो में भी तोड़फोड़ की। घटना शनिवार 10 बजे की है।

4 जुलाई को पूरन आर्य पर एक आदिवासी महिला ने छेड़छाड़ की शिकायत दर्ज कराई थी। पूरन आर्य ने एसपी को निष्पक्ष जांच के लिए आवेदन दिया था। 5 जुलाई को आर्य के घर पर हमला हो गया। पुलिस ने पथराव करने के मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली है। इलाके में पुलिस बल तैनात किया गया है। जांच की जा रही है।

**आर्य बोले- बौखलाकर मेरे घर पर पथराव किया :** अजा मोर्चा के जिलाध्यक्ष पूरन आर्य का कहना है कि 3 जुलाई को आदिवासी महिला ने मुझ पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया था। उस दिन मैं शहर से बाहर था, इसकी जानकारी मैंने एसपी को 4 जुलाई को आवेदन देकर बताई थी। साथ ही निष्पक्ष जांच की मांग की। इससे बौखलाकर मेरे घर पर पथराव किया गया। स्कूटी तोड़ दी, बोलेरो गाड़ी को भी नुकसान पहुंचाया है। मेरे बेटे को भी चोट आई है। मामले में एफआईआर दर्ज करा दी है।

**इन पर कराया केस दर्ज :** पूरन आर्य ने कोतवाली थाने में दर्ज रिपोर्ट में बताया कि हमलावरों में विकास आदिवासी, रवि आदिवासी, भोला, दीपू, कुंभकरण, रामू, भन्नु, सिन्नी, चुटिया, सूरज और बंटी आदिवासी समेत कई लोगों ने एक साथ पथराव किया।

**यह था महिला का आरोप**

19 वर्षीय आदिवासी महिला ने पति के साथ थाने पहुंचकर पूरन आर्य के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। उसने पुलिस को बताया कि जब पति मजदूरी पर गए थे, तब आरोपी घर आया और छेड़छाड़ की। आरोपी की मेरी सास से जान-पहचान है। इस कारण सास ने पहले एफआईआर दर्ज कराने से मना कर दिया था। आरोपी मुझे गलत नजरों से देखता है। एक बार फिर उसने मुझे अकेला पाकर कमरे में घुसने का प्रयास किया, जिसके बाद शिकायत दर्ज करवाई।

## टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना में एक लाख तक मिलेगा ऋण

**श्योपुर, 6 जुलाई।** मध्यप्रदेश आदिवासी वित्त विकास निगम भोपाल द्वारा टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना अंतर्गत अनुसूचित जनजाति वर्ग के हितग्राहियों से स्वरोजगार स्थापित करने हेतु आवेदन आमंत्रित किये गये है। योजना में आदिवासी वर्ग के सदस्यों को 10 हजार से 01 लाख रूपये तक का ऋण उपलब्ध होगा। इस संबंध में आवेदन समस्त पोर्टल पर ऑनलाइन किये जा सकते है तथा अधिक जानकारी के लिए कलेक्टर कार्यालय स्थित आदिवासी वित्त विकास निगम के कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है। आदिवासी वित्त विकास निगम के शाखा प्रबंधक एवं सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण राकेश गुप्ता ने बताया कि उक्त योजना के तहत वर्ष 2025-26 के लिए जिले को 53 प्रकरणों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। योजना के तहत लाभ लेने के लिए मप्र के मूल निवासी अनुसूचित जनजाति वर्ग के ऐसे सदस्य जिनकी आयु 18 से 55 वर्ष है। योजना के तहत स्वरोजगार के लिए 10 हजार से लेकर 01 लाख रूपये तक के ऋण प्राप्त कर सकते है।

**राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिये नामांकन की प्रक्रिया शुरू**

**श्योपुर, 6 जुलाई।** राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिये आवेदन और नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इस संबंध में लोक शिक्षण संचालनालय ने समस्त जिला कलेक्टर्स एवं जिला शिक्षा अधिकारी को दिशा-निर्देश जारी किये हैं। आवेदन एवं नामांकन वेब पोर्टल पर 13 जुलाई तक स्वीकार किये जायेंगे।

## पांडोला मंडल पर मनाई श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती

**श्योपुर, 6 जुलाई।** भारतीय जनसंघ के श्रद्धेय संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती रविवार को जिला मुख्यालय सहित सभी मंडलों पर मनाई गई। लेकिन पांडोला मंडल पर कोई आयोजन नहीं किया गया तब पूर्व मंडल अध्यक्ष विक्की वैष्णव के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित कर जयंती मनाई गई। कार्यकर्ताओं ने मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम में पूर्व जिला महामंत्री डॉ एडी तिवारी, पूर्व जिला मंत्री रामरतन शिवहरे, पूर्व कार्यकारणी सदस्य शंभू दयाल मेहरा, पूर्व वर्षिष्ठ कार्यकर्ता बद्रीलाल गुर्जर, मनीष तिवारी, पूर्व मंडल उपाध्यक्ष पवन गांवड़ी, महेश वैष्णव, राजू तिवारी, सुनील मीणा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पूर्व मंडल अध्यक्ष विक्की वैष्णव ने आरोप लगाया कि वर्तमान मंडल अध्यक्ष की तरफ से कोई कार्यक्रम आयोजित नहीं किया गया।

## 25 दुधारू पशुओं की डेयरी इकाई लगाने के लिए मिलेगा ऋण

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 6 जुलाई।** पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा डॉ भीमराव अम्बेडकर कामधेनु योजना शुरू की गई है, जिसमें 25 दुधारू पशुओं की डेयरी इकाई लगाने के लिए 42 लाख तक का ऋण उपलब्ध होगा।

मध्यप्रदेश शासन इस योजना के तहत डेयरी इकाई लगाने वाले हितग्राही को 33 फीसदी तक सबसिडी भी दे रही है। उप संचालक पशुपालन डॉ. सुभाषबाबू दौहरे ने बताया कि, जिलाधीश अर्पित वर्मा के निर्देशानुसार डेयरी उद्योग में रूचि रखने वाले युवाओं को उक्त योजना के तहत लाभ दिलाने के लिए प्रोत्साहन दिया जा रहा है तथा योजना का अधिक से अधिक युवा लाभ लें, इसके लिए प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। उन्होने बताया कि शासन की उक्त महत्वपूर्ण योजना के तहत 25 गाय पालने के लिए 38 लाख रुपये तथा 25 भैस पालने के लिए 42 लाख रुपये की ऋण राशि बैंक द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी, इसमें एससी एवं एसटी वर्ग को 33 प्रतिशत तथा सामान्य वर्ग को 25 प्रतिशत सबसिडी प्रदान की जायेगी। योजना का लाभ लेने के लिए हितग्राही के पास साढे तीन एकड भूमि होना जरूरी है, जिससे वह उक्त भूमि पर डेयरी इकाई के साथ ही भूसा घर एवं दुधारू पशुओं के लिए शैड बना सकें। योजना की खास बात यह है कि हितग्राही इस ऋण को प्रत्येक दो साल में पुन: ले सकता है और कम से कम 8 बार तक शासन की योजना का लाभ लिया जा सकता है।

## श्योपुर दौरे पर आएंगे बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष

**श्योपुर, 6 जुलाई।** बाल संरक्षण आयोग के अध्यक्ष कैबीनेट मंत्री दर्जा द्रविंद्र मोरे श्योपुर जिले के दो दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार आयोग के अध्यक्ष मोरे 6 जुलाई को शाम 6.30 बजे पीडब्ल्यूडी रेस्टहाउस श्योपुर पहुंचेगे तथा रात्रि विश्राम करेंगे। मोरे 7 एवं 8 जुलाई को जिला श्योपुर में शासकीय, अशासकीय संस्थाओं का अवलोकन करेंगे तथा सामाजिक कार्यक्रमों में सम्मिलित होगे, इसके साथ ही जिले के महिला एवं बाल विकास, शिक्षा विभाग के अधिकारियों तथा बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड के साथ बैठक करेंगे।

# एक पौधा अपनी मां के नाम जरूर लगाएं : डॉ. मिश्रा

**नवभारत न्यूज**
**दतिया, 6 जुलाई।** भारतीय जनता पार्टी सिद्धांतों पर चलने वाली पार्टी है श्यामा प्रसाद मुखर्जी का सपना था की अंतिम छोर का व्यक्ति प्रथम पंक्ति में आए आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव अंतिम छोर के व्यक्ति को प्रथम पंक्ति में लाने का काम कर रहे हैं भारतीय जनता पार्टी जो कहती है वह करती है यह बात पूरा विश्व जानता है चुनाव के वक्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि भाजपा की सरकार बनेगी तो जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाएंगे 35 ए हटाएंगे राम मंदिर बनवाएंगे भारत के जरूरत मंद नागरिकों को प्रधानमंत्री आवास देंगे माता बहनों को गैस चूल्हा सिलेंडर देंगे किसान भाइयों को लामंत्रित करेंगे और



भारत का स्वच्छ वातावरण बनाएंगे। उक्त बात रविवार को भाजपा जिला कार्यालय पर आयोजित श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती एवं एक पौधा मां के नाम वृक्षारोपण अभियान की समीक्षा बैठक और कार्यकर्ताओं के बीच मुख्य अतिथि पूर्व गृहमंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा ने कही।

बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष रघुवीर कुशवाहा के द्वारा की गई। बैठक का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों के द्वारा पार्टी के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी पंडित दीनदयाल उपाध्याय और भारत माता के चित्रों पर माल्यार्पण कर एवं दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। डॉ.मिश्रा ने आगे कहा कि स्वच्छ भारत बनाने के लिए एक पौधा मां के नाम पौधारोपण अभियान जैसे कार्यक्रम चलाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो कहा बो किया कार्यकर्ता बंधु आप बड़े मेहनती और लगनशील कार्यकर्ता है आप अपने मन में जो ठान लें वह पूरा करते हैं इसलिए पौधारोपण अभियान को सफल बनाने के लिए आप सभी एक पौधा अपनी मां के नाम जरूर लगाए जिससे पृथ्वी हरी भरी हो जाए और अपने नगर का अपने देश का स्वच्छ वातावरण बने जहां पर पौधे अधिक होते हैं वहां पर बरसात भी अच्छी होती है वहां का मौसम भी अच्छा रहता है और खेती किसानी भी अच्छी होती है इसलिए एक पौधा जरूर लगाए और पौधारोपण अभियान को सफल बनाएं आओ हम सब मिलकर एक पौधा मां के नाम लगाये कार्यक्रम का संचालन वृक्षारोपण जिला प्रभारी अतुल भूरे चौधरी के द्वारा किया गया कार्यक्रम का आभार भाजपा वरिष्ठ नेता दिलीप बाल्मीकि के द्वारा किया गया। इसके बाद पूर्व गृहमंत्री डॉ मिश्रा ने ग्राम जिगना में 37 लाख 50 हजार रुपये की लागत से बनने वाली नवीन पंचायत भवन और 10 लाख 50 हजार रुपये की लागत से होने वाले निर्माण कार्यों का भूमि पूजन किया। इस अवसर पर प्रशांत ढेगुला ,विनय यादव ,हरिओम सिंह यादव, अनिल अवस्थी, वीर सिंह कमरिया, जीतू कमरिया ,राम बहादुर गुर्जर ,अक्कू दुबे , आशु शर्मा, प्रवीण पाठक, पंकज गुप्ता ,श्रीमती सुलक्षणा गागोटिया ,कुमकुम रावत ,किरण गुप्ता ,किरण टिलवानी ,भज्जू राय सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता कार्यक्रम स्थल पर मौजूद रहे।



# 30 घंटे बाद भी बंद रहा सेवढ़ा का छोटा पुल, 50 किलोमीटर का फेरा लगा रहे लोग

**नवभारत न्यूज**
**सेवढ़ा, 6 जुलाई।** लगातार दूसरे दिन भी सेवढ़ा नगर में सिंध नदी पर बना छोटा पुल बंद रहा। 5 जुलाई की शाम डेम से पानी छोड़े जाने और लगातार हो रही बारिश के चलते नगर का यह पुल डूब गया, जिससे आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया। प्रशासन ने सुरक्षा

**सिंध नदी पर पुल का कार्य अब वर्षाकाल के बाद ही पूरा होने की संभावना**

के दृष्टिकोण से रात 12 बजे से पहले ही पुल को बंद कर दिया था। 6 जुलाई की दोपहर तक पुल पर से पानी उतर चुका था, लेकिन भविष्य में जलस्तर फिर बढ़ने की आशंका के चलते प्रशासन ने आवागमन शुरू नहीं किया है। इसका असर आम लोगों के साथ पुल पशु पालकों पर भी पड़ा प्रतिदिन हजारों की संख्या में गाय बकरी भैंस चराने के लिए लोग नदी पार जंगल जाते थे जो अब घरों में ही पशु को बांधे हैं।

अगस्त 2021 में आए भीषण बाढ़ के बाद नगर का पुराना पुल टूट गया था। इसके बाद से ही नगर के लोगों को हर वर्षाकाल में असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। निर्माणाधीन नए पुल को अप्रैल 2025 तक पूरा करने का वादा किया गया था, लेकिन अब स्पष्ट है कि वर्षाकाल तक भी यह पुल चालू नहीं हो सकेगा। इस संबंध में मीडिया द्वारा समय-समय पर प्रशासन को सचेत करती खबरों का प्रकाशन किया गया बावजूद शासन प्रशासन ने समय पर पुल निर्माण पूरा करवाने की सुध नहीं ली, नतीजतन लगातार पांचवें वर्ष भी लोगों के सामने आवागमन की समस्या उत्पन्न हो गई।

अचानक पुल से आवागमन बंद करने का नतीजा यह हुआ की




नदी के उस पार बहुत सारे लोग जो ग्वालियर भिंड मुरैना, दिल्ली या दूर दराज के इलाकों से सेवढ़ा लहार, दबोह, आलमपुर जैसे कस्बों के लिए आ रहे थे उन्हें मगरोल रोक दिया गया और वह 60 किलोमीटर लंबा फेर लगाकर गंतव्य तक पहुंचे वहीं सेवढ़ा से जाने वाले लोग भी ग्वालियर जाने के की योजना धरे रह गए। लगातार दूसरे दिन पुल से आवागमन बंद होने का नतीजा यह रहा की बाजार में सन्नाटा पसरा रहा।

बतादें कि एमपीआरडीसी द्वारा बनाए जा रहे इस पुल का निर्माण अगस्त 2023 में शुरू हुआ था। 400 मीटर लंबा और 12 मीटर चौड़ा यह पुल 34 करोड़ की लागत से बन रहा है। अब तक पुल के सभी पिलर तैयार हो चुके हैं और स्पॉन पर गार्डर डाले जा चुके हैं। हालांकि, नगर की तरफकी एप्रोच रोड का निर्माण अब तक लंबित है। दरअसल, जलावर्धन योजना के तहत इंटेक वेल, टंकी व पाइपलाइन पहले से प्रस्तावित थी, जिसे टेंडर के समय नजरअंदाज कर दिया गया। कार्य प्रारंभ होने के बाद यह बाधा बनी और अब नई डिजाइन तैयार की गई है, जिसकी स्वीकृति शासन स्तर पर लंबित है। नई डिजाइन में सड़क की चौड़ाई और पुल की संरचना में बदलाव के कारण लागत लगभग 4 करोड़ रुपए बढ़ गई है। इसका एस्टीमेट शासन को भेजा जा चुका है, लेकिन छह माह से कोई निर्णय नहीं हो पाया है।स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि शुरू में फिल्टर प्लांट की संरचना को ध्यान में रखकर डिजाइन बनाई जाती तो आज यह संकट उत्पन्न नहीं होता। दो साल संघर्ष और आंदोलनों के बाद स्वीकृत हुआ यह पुल अब एक बार फिर प्रशासनिक अनदेखी का शिकार हो रहा है।

**जनजीवन पर सीधा असर**

पुल बंद होने से सेवढ़ा से ग्वालियर, भिंड, दतिया जाने वाले वाहन प्रभावित हो रहे हैं। लोग निजी वाहनों से फेरा देकर गंतव्य तक पहुंच रहे हैं, जिससे समय, ऊर्जा और धन तीनों की बर्बादी हो रही है। आसपास के गांवों से दूध, सब्जी, अनाज आदि लाने वालों को भी परेशानी हो रही है। वहीं बीमार व्यक्तियों को समय पर अस्पताल न पहुंच पाने के कारण स्वास्थ्य जोखिम भी बढ़ गया है।

**ग्वालियर से निगरानी, सेवढ़ा नहीं बैठते अधिकारी :** 35 करोड़ की लागत से बन रहे पुल के निर्माण में लापरवाही की एक सबसे बड़ी वजह है, यह है कि यह इसका निर्माण एमपीआरडीसी की चंबल डिवीजन द्वारा कराया जा रहा है जिसके सभी अधिकारी ग्वालियर में ही बैठते हैं उनके द्वारा पुल का निरीक्षण करने के लिए यदा कदा ही सेवढ़ा का द्वारा किया जाता है ऐसे में कार्य में देरी लापरवाही के साथ गुणवत्ता भी प्रभावित हो रही है।

## पहुज नदी का रौद्र रूप — जान जोखिम में डालकर निकल रहे लोग

**नवभारत न्यूज**
**दतिया, 6 जुलाई।** तहसील के शाहपुर क्षेत्र से गुजरने वाली पहुज नदी ने रौद्र रूप धारण कर लिया है। भारी बारिश के चलते नदी का जलस्तर खतरे के निशान से कई फीट ऊपर पहुंच गया है। नदी पर बना रपटा (पुल) पूरी तरह से जलमग्न हो गया है, जिससे कई गांवों का संपर्क टूट गया है। लेकिन हैरानी की बात यह है कि प्रशासन ने अब तक कोई सुरक्षा इंतजाम नहीं किए हैं। न तो बेरिकेटिंग की गई है, न ही कोई सुरक्षा कर्मी तैनात हैं। लोग जान जोखिम में डालकर नदी पार कर रहे हैं, जिसकी तस्वीरें खुद इस लापरवाही की कहानी बयां कर रही हैं। स्थानीय लोग रोजमर्रा के




कामों के लिए नदी पार कर रहे हैं, लेकिन उनकी सुरक्षा भगवान भरोसे छोड़ दी गई है। प्रशासन की अनदेखी के चलते किसी बड़े हादसे की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

अगर कोई अनहोनी होती है तो इसका जिम्मेदार कौन होगा, अब तक सुरक्षा व्यवस्था क्यों नहीं की गई, नदी के किनारे बेरिकेटिंग क्यों नहीं लगाई गई। क्षेत्र में चेतावनी या मार्ग बंद करने की सूचना क्यों नहीं दी गई। जनहित में प्रशासन से अपील की जाती है कि जल्द से जल्द उचित कदम उठाए जाएं, ताकि किसी अनमोल जीवन की क्षति न हो। लोगों को भी सलाह दी जाती है कि बिना ज़रूरत नदी पार न करें और सावधानी बरतें।

## भक्तिभाव से निकली भगवान बालाजी की रथयात्रा

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 6 जुलाई।** बुंदेलखंड के ऐतिहासिक व धार्मिक महत्व के ख्यातिपूर्ण स्थल उनाव में भगवान बालाजी की रथयात्रा धूमधाम से निकाली गई। सदियों पुरानी परंपरा के अनुरूप भगवान भास्कर ने भक्तो के द्वार द्वार पर दर्शन देने के लिए नगर भृमण किया। इस अवसर पर आयोजित रथयात्रा मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। श्री बालाजी मंदिर कमेटी व जिला प्रशासन ने मेले सम्बन्धी ब्यबस्थाओ के पुख्ता प्रबंध किये ।

पुरातन परम्परा के प्रतीक रथयात्रा मेले के अवसर पर भगवान भास्कर के सूर्ययंत्र को रथ में ठीक 5 बजे बैदिक मंत्रोच्चार के



बीच आरूढ़ किया जाएगा। रथ में सवार भगवान भास्कर के स्वर्णजड़ित सूर्ययंत्र को सोने चांदी के आभूषण, छत्र मुकुट से सुशोभित कर रंग बिरंगी आकर्षक चमकनियो, मखमली बस्त्रो से सजाया गया फिर भगवान बालाजी की बिशेष आरती हुई। इसके बाद ही रथ को खींचने के लिए श्रद्धालुओं में होड़ शुरू हो गई ।ब्रह्मदेव बिराजे यहाँ जानत है सब कोय जैसे कई गगनभेदी जयकारे के साथ भगवान बालाजी की रथयात्रा नगर भृमण के लिए गुजरी। ।रथयात्रा मेले में रथ के आगे भजन मंडलियां, संख,झालरे ,ढोल नगाड़े,बैंड बाजे ,डी जे,एबं घोड़े चल रहे थे ।भगवान बालाजी के सूर्ययंत्र से निकलने बाला तेज बरबस हो भक्तगणों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा था ।हर घर द्वार पर तोरण द्वार बनाकर भक्तगण रथयात्रा की प्रतीक्षा में खड़े होकर भगवान बालाजी की अगवानी कर रहे थे। भक्तगण हाथ मे आरती फूलमाला एबं भोग प्रसादी की थाली लेकर दर्शन के लिए आतुर नजर आ रहे थे।

### एक नजर में

**मातमी जुलूश, करबला में दफ्न हुए ताजिए**

**सेंवढ़ा, 6 जुलाई।** सेंवढ़ा में मातमी धुनों के साथ रविवार शाम ताजिए करबला में दफ्न किए गए। काफी समय बाद बैंड डीजे के बगैर केवल ढोल नगाड़े से ही ढोल निकले। नगर में राइन समाज द्वारा बेहतर दस्तकारी वाली इमारतें बनी। वहीं नगर में काफी संख्या में ताजिए बने। इसके अलावा इमाम वाड़े पर पारम्परिक अखाड़े का संक्षिप्त आयोजन हुआ। ताजियों की इमारतों को देखने के लिए समीपस्थ ग्रामीण इलाके से भी अनेक मुस्लिम भाई सेंवढ़ा पहुंचे। दतिया राज परिवार के संरक्षक महाराज घनश्याम सिंह ( पूर्व विधायक सेंवढ़ा) ने पूजन किया तथा मुख्य ताजिया को कंधा देकर समस्त ताजियों को करबला के लिए रवाना किया।



**ट्रेक्टर लूट के आरोपियों को कट्टा सहित किया गिरफ्तार**

**इंदरगढ़।** जिले में अपराधों के शीघ्र निराकरण व आरोपियों की धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना प्रभारी, वैभव गुप्ता एवं उनकी टीम के व्दारा कट्टा अडाकर ट्रेक्टर लूट करने बाले 02 और आरोपी गौरव गुर्जर एवं प्रदीप उर्फधस्सू गुर्जर को गिरफ्तार किया घटना में प्रयुक्त कट्टा को आरोपी प्रदीप उर्फधस्सू गुर्जर से किया जप्त। रविवार को मुखविर की सूचना पर से आरोपी प्रदीप उर्फधस्सू पुत्र शिवराज गुर्जर नि0 ग्राम सोरा थाना मौ जिला भिण्ड एवं आरोपी गौरव सिंह गुर्जर पुत्र जगदीश गुर्जर निवासी भडौल को ग्राम भडौल से गिरफ्तार किया गया। आरोपी प्रदीप उर्फधस्सू गुर्जर से घटना में प्रयुक्त 12 बोर का कट्टा जप्त किया गया।

**भाजपा नेता पाठक के पिता का निधन**

**भांडेर।** अनुभाग क्षेत्र के ग्राम कुआँ खेड़ा के भाजपा नेता आनंद पाठक के पिताजी ओमकार पाठक का 80 वर्ष की उम्र में ह्रदय गति रुक जाने से निधन हो गया। उनका अन्तिम संस्कार 6 जुलाई को सुबह 9 बजे कुआँ खेड़ा स्थित मुक्तिधाम पर किया श्रीं पाठक के निधन पर क्षेत्र लोगों ने 2 मिनिट का मौन धारण कर ईश्वर से उनके आत्मा शांति की प्राथनाएँ की। वरिष्ठ पत्रकार हरिमोहन खेमरिया ने दिवंगत आत्मा श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि दादा ओमकार पाठक के निधन से क्षेत्र एवं समाज को अपूर्तिनीय क्षति हुई हैं जिसकी भरपाई कर पाना मुश्किल है। इस अवसर पर नरेश तिवारी, रामकुमार निरंजन, लक्ष्मीकान्त दुबे, विपुल शर्मा, ब्रजेन्द्र तिवारी, नरेंद्र दीक्षित, राहुल तिवारी, रज्जन ओझा, अभिराम शर्मा सहित क्षेत्र के लोगों द्वारा शोक व्यक्त किया गया।

**महिला टेलर और ब्यूटी पार्लर का प्रशिक्षण आज**

**दतिया।** पंजाब नैशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान दतिया में कम्प्यूटराइज्ड अकाउंटिंग महिला टेलर और ब्यूटी पार्लर का प्रशिक्षण आज 7 जुलाई से प्रारम्भ होने जा रहा है। प्रशिक्षण में आयु 18-45 वर्ष के इच्छुक युवक/युवतियाँ जो ये प्रशिक्षण लेना चाहते हैं वे संस्थान से आवेदन फार्म नि:शुल्क प्राप्त कर शीघ्र अतिशीघ्र अपना आवेदन जमा कर प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं।